हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 11 जनवरी 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 ओड़गी के दूरस्थ ग्राम लांजित एवं छतरंग में मिली पुल निर्माण की स्वीकृति



## खबर संक्षेप

### 2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास कार्यक्रम का आज

**अंबिकापुर**। शासन के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा 11 जनवरी को शाम 4.30 बजे से अम्बिकापुर के कला केंद्र मैदान में 2 साल निरंतर सेवा निरंतर विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए फन एक्टिविटी, डांस, म्यूजिक, प्रश्नोत्तरी सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है।

### डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु समिति गठित

**अंबिकापुर**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के दौरान नो मैपिंग प्रकरणों के लिए ईआरओ-एईआरओ लॉगिन के माध्यम से नोटिस जारी कर संबंधितों को उपलब्ध करा दिया गया है। ऐसे सभी प्रकरण, जिनमें ईआरओ-एईआरओ द्वारा दस्तावेज अपलोड किए गए हैं, डीईओ लॉगिन में प्राप्त दस्तावेज के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें अपर कलेक्टर सरगुजा अमृत लाल ध्रुव को अध्यक्ष होंगे, वहीं आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ललित शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा, जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी जियाउर रहमान, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी लव त्रिपाठी, जिला रोजगार अधिकारी ललित पटेल, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी दीपेन्द्र यादव, पोस्टमास्टर डाकघर अंबिकापुर मनोज पाण्डे, ई-जिला प्रबंधक जिला सरगुजा वैभव सिंह एवं भू-अभिलेख अधीक्षक सरगुजा श्रीमती उषा नेताम सदस्य होंगे।

### लकड़ी काट रहा ग्रामीण हुआ अचेत, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर**। लकड़ी काट रहा ग्रामीण अचानक मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन ग्रामीण को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम टपरकेला निवासी ओम प्रकाश पोर्ते आ. कलम साय पोर्ते (43 वर्ष) शुक्रवार को दूसरे घर से पत्नी के साथ माता-पिता के घर आया। पिता को लकड़ी काटते देख पिता को घर भेजकर खुद लकड़ी काटने लगा। लगभग 10 मिनट बाद शोर की आवाज सुन पिता बाहर निकला तो देखा पुत्र बेहोश हालत में पड़ा था। परिजन तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। शराब पीने के आदि युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सरगवां निवासी संदीप टोप्पो आ. विजय टोप्पो (35 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को पत्नी घुमन टोप्पो काम पर गई थी तभी वह शराब के नशे में घर के समीप आमा पतरा बगीचा में चला गया। शाम को जब पत्नी काम से लौटी तो पड़ोसी ने बताया कि संदीप आमा पतरा बाउंड्री में चिल्ला रहा है। जब पत्नी बाउंड्री में गई तो वह वहां पड़ा हुआ था। परिजन युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक कीटनाशक पी लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

# युवती समेत तीन लोगों ने चाकू मारकर की युवक की हत्या, सुबह मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- संदेहियों को हिरासत में की जा रही पूछताछ
- पेट पर चाकू के वार की पुष्टि

शहर में एक युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने की घटना से सनसनी फैल गई है। युवक का शव गांधीनगर क्षेत्र में खून से लथपथ हालत में मिला है। बड़ी बात यह है कि चाकूबाजी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें एक युवती के साथ ही दो युवक नजर आ रहे है लेकिन हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में संदेही युवती के साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बता दें कि शनिवार की सुबह शहर के गांधीनगर डेयरी फार्म रोड पर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव स्थानीय लोगों ने देखा था। शव मिलने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुभाष नगर निवासी 46 वर्षीय बबलू मंडल आ. तिवारी लाल मंडल के रूप में की गई। युवक की हत्या किए जाने की शंका पर पुलिस के साथ ही एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा उपरान्त शव को पीएम के लिए भेजा। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक बबलू मंडल के पेट में चाकू से वार किया गया है। संभवतः हमलावरों ने पेट में चाकू मारा और फिर डरकर भाग निकले। इधर नशे की हालत मे रातभर पड़े रहने और खून बहने के कारण युवक की मौत हो गई। मृतक के पेट पर चाकू के एक हमले के निशान की अब तक पुष्टि हुई है लेकिन बबलू मंडल की हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।



घटना स्थल की जांच करते पुलिस अधिकारी।

### सीसीटीवी में साथ नजर आए मृतक व संदेही

बड़ी बात यह है कि गांधीनगर क्षेत्र में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी में मृतक बबलू मंडल के साथ ही सुभाषनगर मोहल्ले की रहने वाली एक युवती के साथ ही दो अन्य युवक चलते हुए नजर आ रहे है। जबकि आगे उनके बीच विवाद और फिर चाकू बाजी की घटना हुई। मृतक की पत्नी सीता मंडल का कहना है कि शुक्रवार की शाम भी युवती व अन्य युवक घर में आए थे और किसी बात को लेकर बबलू मंडल के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। महिला के अनुसार रात 11 बजे तक मृतक बबलू मंडल घर में मौजूद था और फिर रात के समय वे लोग उसे लेने के लिए आए थे। मृतक की पत्नी सीता मंडल ने मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### नशे के कारोबार पर कार्रवाई की मांग

गांधीनगर क्षेत्र में चाकू मारकर युवक की हत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भी नशेड़ी किस्म के है। वहीं अब इस घटना के बाद क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर सवाल उठने लगे है। वार्ड पार्षद विपन पाण्डेय ने भी क्षेत्र में नशे के कारोबार को लेकर सवाल उठाए है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशीली इंजेक्शन, शराब सहित अन्य नशों के गिरफ्त में आकर युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। क्षेत्र नशेड़ियों का गढ़ बनता जा रहा है। क्षेत्र में नियमित रूप से गस्त और कार्रवाई कर इसपर लगाम लगाई जानी चाहिए।

### चल रही है पूछताछ

युवक की धारदार हथियार के हमले से मौत हुई है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

## एसईसीएल में नौकरी लगवाने के नाम पर शिक्षक से 13 लाख 35 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारी के पुत्र को एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 13 लाख 35 हजार की ठगी कर लिया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पचीरा निवासी शासकीय माध्यमिक शाला तेलाई कच्छार में शिक्षक के पद पर पदस्थ हेमंत कुमार राजवाडे आ. लक्ष्मण राम (55 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि विद्यालय के दिलीप श्रीवास्तव के साथ पदस्थ है उसी दौरान 2023 में दिलीप श्रीवास्तव के माध्यम से गांधीनगर निवासी आकाश खरे से हुआ। आकाश खरे ने उसके बेटा अंकुर राजवाड़े को एसईसीएल भटगांव में नौकरी लगवा देने की बात कही। साथ ही नौकरी लगवाने के एवज में 15 लाख की मांग की। इधर पुत्र की नौकरी एसईसीएल में लग जाने को लेकर शिक्षक राजी हो गया। इस बीच विभिन्न माध्यम से आकाश खरे के खाते में 13 लाख 35 हजार 027 रुपए जमा कर दिया। रूपए देने बाद भी आकाश खरे ने एसईसीएल में नौकरी नहीं लगवाया और जब शिक्षक रुपए वापस लौटाने की बात कही तो आकाश खरे रुपए वापस करने से इंकार कर दिया। शिक्षक ने धोखाधड़ी कर लाखों रुपए लेने तथा वापस नहीं करने पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर**। पण्डो जनजाति समाज ने आईजी एवं सूरजपुर एसपी को ज्ञापन सौंप समाज के लोगों के साथ पूर्व में हुई मारपीट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है तथा तत्काल गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदय पण्डो ने बताया कि अपनी जमीन पर पीएम आवास निर्माण के दौरान 20 दिसम्बर को ग्राम धरसेडी निवासी जगजीत यादव, नरेंद्र यादव, गायत्री यादव, सुमित्रा यादव, विष्णु यादव एवं जय कुमार यादव ने पण्डो समाज की लीलावती पण्डो, रंगलाल पंडो एवं मनमोहन पंडो पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 190, 191, 296, 35 का प्रकरण दर्ज किया है लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है जिससे पीड़ित भयभीत है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।





## निरीक्षण में अनुपस्थित रहे 31 स्वास्थ्यकर्मी, जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संभागीय संयुक्त संचालक ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पीएचसी, सीएचसी में निर्देशों के बाद भी स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अस्पतालों में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी बिना किसी सूचना के नदारद रहते है। ऐसे में जेडी ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है इसके साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने शनिवार को सीएचसी बतौली, पीएचसी बरगीडीह, रघुनाथपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीएचसी बतौली में निरीक्षण के दौरान लैब अव्यवस्थित मिला। लैब में स्पुटम स्लाइड अव्यवस्थित रहा और टीबी मरीजों की काउंसलिंग पश्चात उपलब्धि बहुत कम पाई गई। लैब में साफ-सफाई का अभाव था। इतना ही नहीं अस्पताल में पदस्थ 25 अधिकारी कर्मचारी शनिवार को अनुपस्थित मिले। इसी तरह पीएचसी बरगीडीह में संस्थागत प्रसव में कमी पाई गई। ऐसे में उन्होंने संस्थागत प्रसव में वृद्धि करने और भवन में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 102 की व्यवस्था की जाए। बरगीडीह पीएचसी में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह पीएचसी रघुनाथपुर में साफ सफाई की कमी पाई गई। जेडी ने अधिकारियों से कहा कि पुरुष वार्ड में पुरुष व महिला वार्ड में महिला मरीजों को भर्ती किया जाए। वहीं पीएचसी रघुनाथपुर में भी 3 कर्मचारी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। जेडी ने सभी अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## छात्र की मौत के बाद भी शौचालय में नहीं किए गए सुरक्षा के इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- खुला है सेप्टिक टैंक का ढक्कन, अंदर भवन जर्जर, विधायक ने लगाई फटकार



छात्र की मौत के बाद भी विद्यालय में व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है। आज भी स्कूल परिसर में मौजूद जर्जर शौचालय खतरे को न्यौता दे रहे है। जिसे लेकर लोगों में रोष का माहौल है। इधर हादसे में मृत छात्र के परिजन से मिलने क एली क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते भी पहुंची। इस दौरान शिक्षक व अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाईं।

बता दें कि त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर स्थित खुटहन पारा पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा 6वीं के छात्र आलोक आल रमेश देवांगन की परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का छज्जा गिरने से दबकर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। फिलहाल प्रारंभिक रूप से इस मामले में शिक्षा विभाग ने महिला प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है जबकि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इन सब के यह बात सामने आई कि स्कूल परिसर में मौजूद शौचालय बंद रहते है जिससे छात्र बाथरूम के लिए निर्माणाधीन भवन की तरफ गया था। इस हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन ने सभी शौचालय को खोल दिया है लेकिन इन शौचालयों में मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि विद्यालय परिसर में बने शौचालय का सेप्टिक टैंक खुला हुआ है जो बच्चों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। वहीं शौचालय के अंदर की स्थिति भी बेहद जर्जर है और भी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन इन जर्जर शौचालयों के मरम्मत हेतु कोई पहल नहीं की गई। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते पीड़ित परिवार से मिलने उनके गृह ग्राम शारदापुर पहुंचीं। उन्होंने परिजन से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और मौके पर मौजूद अधिकारियों व शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जर्जर शौचालयों की तत्काल मरम्मत, सेफ्टी टैंक को सुरक्षित ढंग से ढकने और पूरे विद्यालय परिसर की जांच की मांग की है। हादसे के बाद भी खतरे बने रहने से अभिभावकों में आक्रोश है और वे जिम्मेदार अधिकारियों व शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## मिशन स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शव



**डांड़गांव**। मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद कुएं में मिला शवक्रिसमस त्यौहार मनाने घर से निकला मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू का 15 दिन बाद शव कुएं में मिला। शव मिलने से गांव सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार तारा चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के बाबू के पद पर पदस्थ मनोज कुमार एक्का (44 वर्ष) जो लगभग 15 सालों से बाबू के पद पर पदस्थ थे। मूलतः जशपुर क्षेत्र के ग्राम अम्बा पारा निवासी मनोज एक्का 25 दिसंबर को क्रिसमस त्योहार मनाने के लिए रात्रि लगभग 8 बजे घर से निकले थे जिसके बाद वापस नहीं लौटे। 15 दिन में शिवनगर गांव में ही एक पुराने कुएं में गत दिन शव मिला। इधर कुआं में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने बताया है कि जांच चल रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है।

## बीईओ के निरीक्षण में बड़े पैमाने पर लापरवाही आई आमने, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- कहीं खुद ही कर लिया अवकाश स्वीकृत तो कहीं शिक्षक पर नशे में रहने का आरोप



विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बीईओ अरविन्द कुमार गुप्ता द्वारा किए गए आकस्मिक जांच के बाद लापरवाही और अनुशासनहीनता के मामलों पर कड़ा रुख अपनाया गया है। 2 से 9 जनवरी के बीच शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में हुए निरीक्षण के दौरान गंभीर शैक्षणिक और प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई जिसके बाद एक साथ कई प्रधान पाठकों, शिक्षकों व संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला गढ़ौतापारा की प्रधान पाठक पर पद का दुरुपयोग करते हुए नियम विरुद्ध अवकाश करने की बात सामने आई। इसके साथ ही शिक्षक उपस्थिति पंजी में भ्रामक प्रविष्टियां की, शीतकालीन अवकाश के बाद समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया तथा 7 व 8 जनवरी को बिना अनुमति अनुपस्थित रहीं। संकुल समन्वयक अशोक कुमार जायसवाल एवं संकुल प्राचार्य अरुण कुमार को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। दोनों अधिकारियों ने संबंधित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण नहीं किया। माध्यमिक शाला दुप्पी के प्रधान पाठक सोमार साय पैंकरा तथा प्राथमिक शाला दुप्पी के शिक्षकों द्वारा भी शिक्षक डायरी का अद्यतन नहीं करने, शिक्षण कार्य में रुचि की कमी तथा विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर कमजोर होने की बात सामने आई। इसी क्रम में प्राथमिक शाला दुप्पी के सहायक शिक्षक रामरतन सिंह के विरुद्ध शिक्षक डायरी अपूर्ण रखने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण न देने के आधार पर कारण बताओ सूचना जारी की गई है। वहीं माध्यमिक शाला दुप्पी की शिक्षिका को भी शैक्षणिक अनियमितताओं के लिए नोटिस थमाया गया है। सबसे गंभीर मामला ज्योति प्राथमिक शाला जुगिमुड़ा कोदौरा का सामने आया है जहां अनुदान प्राप्त शिक्षिका विद्यालय समय में नशे की हालत में उपस्थित मिली। बीईओ अरविन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संबंधितों से निर्धारित समय-सीमा में जवाब मांगा गया है और असंतोषजनक उत्तर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन, कहा बढ़ेगी पलायन की समस्या

## मनरेगा थी ग्राम पंचायतों में रोजगार की गारंटी का सुरक्षा कवच : प्रेमसाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




मनरेगा योजना को बंद किए जाने को लेकर कांग्रेस ने देशभर में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन व अन्य कार्यक्रम होंगे। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने पत्रकारों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि

यूपीए की सरकार में देश में शिक्षा, भोजन, सूचना के अधिकार के साथ ही साथ रोजगार के लिए कानून बनाया गया। इस कानून के तहत जरूरतमंद लोगों को 100 दिन का रोजगार देने की व्यवस्था की गई और इसके लिए शत-प्रतिशत राशि का प्रावधान केंद्र से किया गया। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत हर पंचायत में रोजगार मिलने की गारंटी थी। अगर 15 लोग भी खड़े हो जाए कि हमें काम चाहिए तो कानूनी प्रावधान था कि उन्हें काम देना है। यह ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की गारंटी और सुरक्षा कवच थी लेकिन अब इसको समाप्त किया जा रहा है। पहले कभी भी काम मांगने पर रोजगार मिलता था लेकिन अब अचानक ही इस योजना को बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में किए गए सर्वे में यह पाया गया कि मनरेगा एक सफल और प्रभावी योजना थी क्यों कि इसमें रोजगार एक संवैधानिक अधिकार था और अगर मांगने पर रोजगार नहीं मिलता तो भत्ता दिया जाता था। वर्ष 2014 में भाजपा की सरकार आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी इसे भ्रष्टाचार का ताबूत और फेल योजना बताया और फिर उसके बजट में लगातार कटौती की गई। इसके साथ ही अब इस योजना में मिलने वाली राशि में केंद्र के साथ राज्य की हिस्सेदारी भी 40 प्रतिशत होगी। इसका कई राज्यों ने विरोध किया है क्यों कि उनके पास आर्थिक समस्या है। पूर्व मंत्री श्री टेकाम ने कहा कि अब इस योजना में ठेकेदारों की एंट्री हो गई है। अब अगर ठेकेदार काम कराएंगे तो मजदूरों का हक छीना जाएगा। पहले काम ग्राम पंचायत तय करती थी की काम कहां और क्या काम होंगे लेकिन अब केंद्र सरकार इसका निर्धारण करेगी। काम नहीं मिलने पर क्षेत्र में पलायन की समस्या बढ़ेगी। जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा की मोदी ने महात्मा गांधी का नाम हटाने भावनात्मक शब्दों का उपयोग किया जी राम जी जबकि इस योजना का पूरा नाम ही अलग है। राम जी का मुखौटा लगाकर महात्मा गांधी का नाम हटाने का कुत्सित प्रयास किया गया है जिसकी कांग्रेस निंदा करती है। इस योजना में पहले कोई जाति बंधन नहीं था, योजना में कोई भी किसी भी वर्ग का व्यक्ति काम कर सकता था। महात्मा गांधी के ग्राम सुराज पर निचले स्तर के लोगों के जेब मे पैसा जाए उनको रोजगार मिले यह मंशा थी। उन्होंने बताया कि मनरेगा को बंद करने के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसकी शुरुआत हो गई है। इस दौरान मोहम्मद इस्लाम, इन्द्रजीत सिंह धंजल, अनूप मेहता, लक्ष्मी गुप्ता, शैलेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### सोनहत खंड में हिंदू सम्मेलन

**सोनहत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज परिवर्तन के उद्देश्य से देशभर में गांवों एवं नगरों में सतत हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोनहत खंड के भैंसवार मंडल अंतर्गत हनुमान मंदिर परिसर में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में कर्मा दलों एवं सुआ दलों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में विभिन्न जाति-बिरादरी के समाज प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्टीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह कमलेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गोंड समाज से पूर्व सरपंच रामनारायण सिंह तथा मातृशक्ति पंडव समाज से पार्वती मंचासीन रहीं। आयोजन समिति के संयोजक चंद्रिका जायसवाल, सह-संयोजक द्वय कन्हैया जायसवाल एवं ओंकार गिरी, कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं काशी गुरुजी रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी रितेश तिवारी एवं अनिल जायसवाल द्वारा सफलतापूर्वक निभाई गई।

### अवैध शराब विक्रेताओं पर पुलिस ने की कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक रेंज सरगुजा एवं पुलिस अधीक्षक जिला एमसीबी के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शराब एवं नशामुक्ति अभियान के तहत सीएसपी चिरमिरी के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी चिरमिरी विजय सिंह के द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए टीम बनाई गई थी, इसके तारतम्य में मुखबीर की सूचना पर सड़क दफाई हल्दीबाड़ी में सड़क दफाई निवासी राजा सिंह चौहान पिता स्व. रघुनंदन सिंह चौहान उम्र करीब 42 वर्ष निवासी सड़क दफाई हल्दीबाड़ी थाना चिरमिरी जिला एमसीबी को एक कत्थई रंग के होंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 16 कर 2577 में अवैध महुआ शराब करीब 20 लीटर बिक्री करने के लिए परिवहन करते पकड़ा गया और आरोपी के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती करीब 4000 एवं घटना में प्रयुक्त होंडा एक्टिवा स्कूटी कीमती 50000 कुल जुमला कीमती 54000 बरामद किया गया।

### मनरेगा की आत्मा को ही मार दिया: कांग्रेस

**मनेन्द्रगढ़।** मनरेगा कानून में केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए बदलावों के विरोध में शनिवार को जिले में कांग्रेस पार्टी की प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में जिले के कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने अलग-अलग बयान देते हुए मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं, बल्कि गरीबों को मिला संवैधानिक अधिकार था। मोदी सरकार ने इस अधिकार को खत्म कर मनरेगा की आत्मा को ही मार दिया है। केन्द्र द्वारा हिस्सेदारी घटाकर राज्यों पर बोझ डालना मनरेगा को धीरे-धीरे बंद करने की साजिश है। यह सीधा-सीधा मजदूर विरोधी फैसला है।

### गर्ल्स हाई स्कूल सोनहत का औचक निरीक्षण, लिखित अभ्यास पर दें जोर

**सोनहत।** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार रॉय एवं संयुक्त संचालक कार्यालय से सहायक संचालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा शासकीय कन्या हाई स्कूल सोनहत का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिशन 100 के अंतर्गत विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक अर्जित करने के लिए निरंतर लिखित अभ्यास पर विशेष जोर दिया गया। डीईओ श्री रॉय ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत उत्तीर्णता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं ब्लू-प्रिंट के अनुसार अभ्यास करने का मार्गदर्शन दिया। विद्यार्थियों ने भी प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि यह मार्गदर्शन बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने में सहायक सिद्ध होगा। इसी क्रम में 10 जनवरी को विनय मोहन भट्ट सहायक प्राध्यापक डाईट कोरिया, राकेश प्रसाद सहायक प्राध्यापक डाइट कोरिया एवं आरएस पेन्द्रो द्वारा शासकीय कन्या हाई स्कूल सोनहत में मिशन 100 के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

---

### निगरानी के लिए नियुक्त किए गए हैं नोडल अधिकारी

# स्कूल परिसर के आसपास घूमते हैं आवारा कुत्ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंड जैसे भीड़-भाड़ वाले जगहों को आवारा कुत्तों से मुक्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

■ जिले में बिना बांउड्री के ही संचालित हैं कई स्कूल

स्कूल अस्पताल परिसर में आवारा कुत्ते आए दिन नजर आते रहते हैं, इसके चलते स्कूली बच्चों एवं लोगों को हमेशा ही खतरा मंडराते रहता है।

स्कूल परिसर में आवारा कुत्ता प्रवेश न करें,इसके निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो केवल स्कूल परिसर की दीवार पर नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर अंकित कर दिया गया है। कई विद्यालयों में तो नोडल अधिकारी का नाम विद्यालय परिसर में कही पर भी दिखाई नहीं देता। कोरिया-एमसीबी जिले के कई विद्यालयों जिनमें ज्यादातर वे स्कूल हैं, जहां मध्यान्ह भोजन बनता है, वहां आए दिन आवारा कुत्ता विद्यालय परिसर में दिखाई देते हैं, इससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। कुछ समय पूर्व स्कूल प्राचार्य एवं हेडमास्टरों को स्कूल परिसर में आवारा कुत्ता दिखाई देने पर नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत को सूचित करने के निर्देश मिले थे, बावजूद इसके जिले के कई विद्यालयों में आवारा कुत्तों का प्रवेश हो जाता है। इस पर कड़ाई से निर्देशों का पालन करने की जरूरत हैं, अन्यथा कुत्तों के कारण स्कूली बच्चों को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।



स्कूल परिसर के बाहर घूमते कुत्ते।

#### कई विद्यालय परिसर में बाउण्ड्री वाल नहीं

कोरिया जिले के कई स्कूल परिसर ऐसे हैं, जहां स्कूल परिसर के चारों ओर सुरक्षित रखने के लिए बाउंड्रीवाल ही नहीं है, जिससे कि विद्यालय के निकट तक आवारा कुत्ते अक्सर पहुंचते रहते हैं। खासकर उन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनता है, इसके चलते कुत्ते स्कूल परिसर में प्रतिदिन पहुंचते रहते हैं। कई विद्यालयों में बाउंड्री वाल का घेरा नहीं होने से कुत्तों से खतरा बने रहता है, वहीं जिन विद्यालय में बाउंड्री वाल बना भी है, इसके बाद भी आवारा कुत्ते स्कूल परिसर में प्रवेश कर जाते हैं।

#### जिला अस्पताल परिसर भी सुरक्षित नहीं

बैकुंठपुर में स्थित जिले का सबसे बड़ा अस्पताल परिसर भी आवारा कुत्तो से महफूज नहीं है। जिला अस्पताल परिसर में अक्सर आवारा कुत्ते विचरण करते दिखाई देते रहते हैं। अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, ऐसे में अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों के मौजूदगी से लोगों को गंभीरा खतरा हो सकता है।

#### बस स्टैंड में भी मौजूदगी

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के अलावा पुराने बस स्टैंड में प्रतिदिन आवारा कुत्तों का वितरण देखा जा सकता है। उक्त जगह भीड़-भाड़ वाली जगह में शामिल हैं, ऐसे में बस स्टैंड परिसर में आवारा कुत्तों की मौजूदगी से यात्रियों को संभावित खतरा हो सकता हैं। कई बार आवारा कुत्ते आक्रामक हो सकते हैं। स्थानीय बस स्टैंड में लोग परिवार सहित यात्रा करने के लिए बस का इंतजार करते हैं और विभिन्न गंतव्यों की ओर आने-जाने वाली बस में चढ़ते-उतरते हैं और वहीं आस-पास आवारा कुत्तों का भी मौजूदगी रहती है, ऐसे में कुत्तों के हमले की आशंका बनी रहती है।



फाइल फोटो

# मध्यान्ह भोजन रसोईया बेमियादी धरने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया कल्याण संघ के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर कोरिया जिले के स्कूलों में कार्यरत मध्यान्ह भोजन रसोईया भी अपनी मांगों के समर्थन में काम बंद कर दिए हैं, इससे स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का कार्य प्रभावित हो रहा है। संघ के पदाधिकारियों ने इसकी सूचना कलेक्टर को दी।

जानकारी के अनुसार छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ द्वारा रायपुर में अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहा है। इसमें कोरिया जिले के भी रसोईया शामिल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया कल्याण संघ के मांगों में सरकार द्वारा वादा किया गया 50 प्रतिशत मानदेय को बढ़ाया जाएगा, जिसे प्रदान किया जाए। कई विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की कम संख्या में एक सहायिका को निकाल दिया जाता है, जिसे बंद किया जाए और मध्यान्ह भोजन रसोईयों को पूर्णकालिक किए जाने की मांग शामिल हैं। छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया कल्याण संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने से जिले के स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन बनाने के कार्य प्रभावित होने लगा है। स्कूल में रसोईयों के काम पर नहीं आने पर विद्यालयों में किसी तरह मध्यान्ह भोजन पकाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिन विद्यालयों में कुछ सहायिकाओं द्वारा कार्य कर रहे हैं, उन्हें जाकर संघ के सदस्य काम नहीं करने की सलाह दे रहे हैं अन्यथा 300 रूपए जुर्माना भी लगाने की बात सामने आ रही है। रसोईयों के काम पर नहीं आने के कारण कई विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों के सहयोग से मध्यान्ह भोजन तैयार कराया जा रहा है।

---

# पुसौर में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के केल्हारी मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र पुसौर में एक आवश्यक संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

■ बूथ सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले की उपस्थिति रही, जिनके मार्गदर्शन में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में भरतपुर-सोनहत विधानसभा के बीएलए -वन संजय राय, नागपुर मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष घनेश यादव, शक्ति केन्द्र प्रभारी राजू, संयोजक एवं सह संयोजक, केल्हारी मंडल अध्यक्ष धीरज मौर्य, समस्त बूथ अध्यक्ष, विभिन्न टोली के सदस्य सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मजबूती का आधार बूथ स्तर पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना ही संगठन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन, नियमित बैठकें और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी निरंतर मजबूत होती जाएगी। आगामी चुनावी तैयारियों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची, बूथ प्रबंधन एवं जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए तथा संगठन विस्तार, शक्ति केन्द्र स्तर पर समन्वय और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की।



### दो माह में 61 प्रकरण दर्ज, 42 का निपटारा

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत तहसील में नामांतरण एवं बंटवारा से संबंधित राजस्व प्रकरणों का बीते दो माह से त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में ऑनलाइन माध्यम से कुल लगभग 61 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें से 42 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 19 प्रकरण समय-सीमा के भीतर लंबित हैं, जिनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा। तहसील प्रशासन ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्र रामगढ़ के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गुरूवार को रामगढ़ कैंप कोर्ट परिसर में ही न्यायालय का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रामगढ़ क्षेत्र के समस्त पटवारी कैंप कोर्ट में उपस्थित रहते हैं और पक्षकारों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण किया जाता है। ग्रामीण जनता को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके उद्देश्य से समय-समय पर राजस्व शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है।

# पानी टंकी परिसर में पवार ब्लॉक का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषद, मनेन्द्रगढ़ द्वारा मौहरपारा पानी टंकी परिसर में पवार ब्लॉक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। यह निर्माण कार्य नगर की प्रशासनिक एवं जनसुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। पावर ब्लॉक के निर्माण से न केवल नगर पालिका के कार्यों में सुगमता आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा एवं विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव की उपस्थिति रही। वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद इमरान खान सहित नगर पालिका के समस्त पार्षद अनिल प्रजापति, दयाशंकर यादव, स्वप्निल सिन्हा, सुनयना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, शाहिद, ओमप्रकाश जायसवाल, कृतिका रवि जैन, जमील शाह, किरण कुजूर, गिरधर जायसवाल, माया सोनकर, सापन महतो ने इस विकास कार्य को नगर हित में आवश्यक बताया। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के इंजीनियर ईआर विकास कुमार मिश्रा एवं अजय पैकरा भी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्माण की रूपरेखा की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

यह भूमि पूजन कार्यक्रम 9 जनवरी को सुबह 11:30 बजे आयोजित किया गया, इसमें काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

#### आधारभूत ढांचे को मजबूत करना आवश्यक: प्रतिमा




---

# मकर संक्रांति की तैयारी जोरों पर, सिद्ध बाबा धाम में मेले का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाया जाने वाला मकर संक्रांति पर्व धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं, जिससे शीत ऋतु का प्रभाव धीरे-धीरे कम होने लगता है और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है। मकर संक्रांति को पुण्यकाल माना गया है, इस कारण इस दिन स्नान, दान, जप और पूजा का विशेष महत्व है।

मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे अंचल में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव की आराधना करने से सुख-समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर तिल, गुड, खिचड़ी और तिल से बने व्यंजनों का सेवन किया जाता है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी माने जाते हैं। दान-पुण्य का विशेष महत्व होने के कारण लोग अन्न, वस्त्र और तिल-गुड़ का दान करते हैं। नगर के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के आयोजन किए जाते हैं। मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाता है। बाजारों में तिल-गुड़, गजक, मूंगफली और पूजा सामग्री की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। बच्चों और युवाओं में पतंग उड़ाने को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। घरों में पारंपरिक व्यंजनों की तैयारी के साथ मेहमानों के स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित प्रसिद्ध सिद्ध बाबा धाम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु सुबह से ही पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मेले में सांस्कृतिक रंग देखने को मिलता है, जहां अस्थायी दुकानों, झूलों और खानपान के स्टॉलों से मेला क्षेत्र गुलजार रहता है।



### ओंकारेश्वर धाम में मेला 14 से

**बैकुंठपुर।** विकासखंड सोनहत अंतर्गत ओंकारेश्वर धाम वनस्थली, कैलाशपुर में 14 एवं 15 जनवरी को धार्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पूजन, भजन, हवन के साथ-साथ खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग देने के इच्छुक स्वेच्छानुसार सहयोग भी प्रदान कर सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



# कोरिया पुलिस की अनोखी पहल

#### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार राज्य सरकार के मनसानुरूप कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेश चौबे व उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर के मार्गदर्शन में जिले में 1 से 31 जनवरी तक राष्टीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को पंडित ज्वाला प्रसाद उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय पटना के छात्रों एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा पटना बाजार के साथ ही विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों, संकेतों एवं चिन्हों की जानकारी प्रदान की गई। नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने की समझाइश दी गई साथ ही 18 वर्ष से ऊपर की आयु होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद वाहन चलाने के लिए कहा गया। यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थितजन को भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन ना करने के लिए संकल्पित किया गया। यातायात हवलदार महेश मिश्रा द्वारा यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक चिन्ह की जानकारी के साथ यातायात संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए चौराहा पार करने का नियम, ट्रैफिक सिग्नल लाइट, हाथों के संकेतों के माध्यम से यातायात व्यवस्था का संचालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलना, वाहन चलाते समय मादक द्रव्यों का सेवन ना करना, तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग ना करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, जेब्रा क्रॉसिंग रेलवे क्रॉसिंग, गुड समेरिटन, राहवीर योजना, लाइसेंस बनवाने के नियम, दुर्घटना के कारण, दुर्घटना घटित होने पर चालक के कर्तव्य, सड़क पर वाहन चलाने के सही तरीका, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराएं व उसमें निर्धारित जुर्माने की राशि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं जीवन में यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। उक्त नुक्कड़ नाटक जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, सहायक उप निरीक्षक धनंजय सिंह, प्राचार्य डॉ. शिवशंकर राजवाड़े, सहायक प्राध्यापक डॉ. बरखा सिंह, डॉ. पूनम टोप्पो, सहायक ग्रेड 1 रोहित साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती दुर्गा राजवाड़े, आरक्षक राकेश मिश्रा, देव प्रसाद टोप्पो, विश्वनाथ सिंह, शिव साय, हवलदार महेश मिश्रा के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं आमजन काफी संख्या में उपस्थित रहे।

---

### राजीव भवन में कांग्रेस ने फूंका मनरेगा बचाओ संग्राम का बिगुल

# कांग्रेस को राम के नाम पर आपत्ति नहीं, भाजपा करती है गुमराह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में शनिवार को मनरेगा के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से पत्रकार वार्ता के प्रभारी व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता, मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला प्रभारी व पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे।

नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) महज एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों को सम्मान से जीने का अधिकार देने वाला कानून है। इस कानून के तहत प्रत्येक परिवार को 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी प्राप्त है और काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है, लेकिन वर्तमान सरकार इसके ढांचे को बदलकर इसकी आत्मा को खत्म कर रही है। एक सवाल के जबाव में श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस को कभी राम के नाम पर आपत्ति नहीं रही है, इसे लेकर भाजपा केवल गुमराह करती है। प्रेसवार्ता के कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा की वैधानिक गारंटी को खत्म करने का प्रयास ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने और गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है। कांग्रेस नेताओं ने ऑकड़ों के साथ बताया कि पहले केन्द्र सरकार मनरेगा का 90 प्रतिशत खर्च वहन करती थी, जबकि राज्यों का हिस्सा मात्र 10 प्रतिशत था। अब नए नियमों के तहत केन्द्र ने अपना हिस्सा घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया है और राज्यों पर 40 प्रतिशत का भारी बोझ डाल दिया है। कांग्रेस ने मांग किया है कि ग्राम सभाओं और पंचायतों को उनके पुराने अधिकार वापस दिए जाएं। मनरेगा को पूरी तरह से अधिकार-आधारित स्वरूप में ही संचालित किया जाए, न कि इसे सरकार की कृपा बनाया जाए। न्यूनतम मजदूरी 400 रूपए बढ़ती महंगाई को देखते हुए कांग्रेस ने मांग की है कि मनरेगा श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रूपए प्रतिदिन की जाए, ताकि एक गरीब परिवार अपना गुजर-बसर सम्मान के साथ कर सके। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, पीसीसी संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, बंस गोपाल, शैलेन्द्र सिंह, बिहारी राजवाड़े, विजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, राजीव गुप्ता, अजीत लकड़ा, नप उपाध्यक्ष आशीष यादव, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, विकाश श्रीवास्तव ,धीरज सिंह, दीपक गुप्ता, संगीता राजवाड़े, चांदनी सोनी, संजोती मरकाम ,ललिता सिंह, रवि राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, कृष्ण कुमार राजवाड़े, फारोग सिद्दीकी, जागृत कुर्रे, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, राजेश कुर्रे, हीरालाल साहू, दरोगी राम राजवाड़े एवं अनेकों कांग्रेसजन काफी संख्या में मौजूद रहे।




जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता।

#### 10 जनवरी से राष्ट्रव्यापी आंदोलन

ग्रामीण भारत में बढ़ती बेरोजगारी, पलायन और गरीबी को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 10 से 26 फरवरी तक मनरेगा बचाओ संग्राम नामक राष्ट्रव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना और बजट में कटौती करना भाजपा की नकारात्मक मानसिकता को दशार्ता है।

## खबर संक्षेप



### सांसद की मौजूदगी में हुई जनपद पंचायत की सामान्य सभा

**बलरामपुर।** शुक्रवार को जनपद पंचायत के सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद चिंतामणि महाराज भी शामिल हुए। इस दौरान सांसद ने जनपद सभा कक्ष में कैमरा और साउंड सिस्टम लगाये जाने की तारीफ की और कहा कि ऐसा होने से जनपद में क्रियान्वित गतिविधियों में पारदर्शिता आएगी और अन्य जनपदों को भी इस पहल से एक अच्छा सन्देश जायेगा। सांसद ने बारी बारी से सभी विभाग प्रमुखों से योजना की जानकारी ली इसके साथ ही उन्होंने अधिकारीयों को कार्य शैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। वहीं जनपद सदस्य श्रीमती अर्पणा भानु प्रकाश दीक्षित ने जनपद पंचायत बलरामपुर को एक आदर्श जनपद बनाए जाने,26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व जनपद स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराने तथा ग्राम पंचायतों के मुख्य सड़कों और गली चौराहों में अवैध अतिक्रमण को अतिक्रमणमुक्त किए जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसकी सांसद ने सराहना की। उक्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती बबली संबल, सदस्य संतोष कुमार आयम, कैलाश सोरठिया, समीर सिंह, फ्रांसिस कुजूर, श्रीमती श्यामा तिर्की, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपराज कान्त, तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता, एसडीओ आरइएस अवधेश प्रजापति, रेंजर श्री सक्सेना, पूर्व सांसद प्रतिनिधि दीनानाथ यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### शिक्षकों ने स्वयं के व्यय से विद्यार्थियों को दिया स्वेटर



**अम्बिकापुर।** कड़कड़ाती ठंड के मद्देनजर जहां प्रदेशभर के छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए विद्यालयीन समय में परिवर्तन किया गया है वहीं दूसरी ओर तेज ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगवा के प्राचार्य रमेश सिंह द्वारा स्वयं एवं विद्यालयीन स्टाफ द्वारा एकत्र की गई धनराशि से शनिवार को विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच सूर्य बहादुर, प्राचार्य रमेश सिंह, व्याख्याता टीपी झारिया, देवेश मणि पाठक, संतोष सिंह, महेश कुशवाहा, नरेश लकड़ा, अजय खटकर सहित अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

## निधन

### विनीता चौबे



**रामानुजगंज।** प्राथमिक शाला पिपरौल में पदस्थ प्रधान पाठक श्रीमती विनीता चौबे का शनिवार की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय विनीता चौबे दिलीप चौबे की धर्मपत्नी एवं स्व. उमाशंकर दुबे की सुपुत्री थी। वे अपने पीछे दो पुत्र स्नेहा दुबे, स्वाति दुबे एवं एक पुत्र सौरभ कुमार चौबे सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग, सहकर्मियों, ग्रामीण एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। लोगों उनके निवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आग लगने पर हो सकती है बड़ी दुर्घटनाएं

# दो दर्जन यात्री बसों में नहीं मिले अग्निशमन यंत्र



बस संचालक से पूछताछ करते उड़न दस्ता टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

यात्री बसों में सुरक्षा में थोड़ी बहुत भी कमी कभी कभी आपात कालीन परिस्थिति के लिए बड़ी समस्या बन जाती है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम न हो तो लोगों के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। खास कर वाहनों में आग लगने का खतरा अधिक होता है। हैरानी की बात यह है जिला मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में यात्री बस आवागमन करती है लेकिन आगजनी से सुरक्षा के लिए गिनती के ही बसों में फायर एक्सटिंग्विशर होते है। आग बुझाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात आरटीओ विभाग की टीम ने यात्री बसों की संघन जांच की जिसमें दो दर्जन वाहनों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी पाया गया। टीम ने यात्री बसों में पाए गए कमियों को दूर करने की हिदायत देने के साथ ही नोटिस जारी किया गया है।

**खास बात**

- संचालकों को पाई गई कमियों को दूर करने दी गई हिदायत

#### कई वाहनों में लग चुकी है आग

शहर समेत आसपास क्षेत्र में यात्री बस, ऑटो व अन्य वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि आगजनी से कोई हताहत नहीं हुआ परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व में शहर आकाशवाणी चौक से कुछ दूर रिंक रोड काली मंदिर के समीप एक वाहन के खड़े करने के दौरान जबकि स्कार्पियो वाहन के चलते समय ही वाहन में आग लग गई। इसके अलावा राजपुर मार्ग में दो यात्री बसों में आग लगने की घटना हो चुकी है। इस घटनाओं से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि पेट्रोल व डीजल वाहन में कभी भी आग लग सकती है। ऐसे में वाहन में अग्निशमन सिलेंडर रखना कितना महत्वपूर्ण है यह आसानी से समझा जा सकता है।

शहर के अन्तर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड से जिले सहित दूसरे शहर व राज्यों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री पहुंचती है। शहर के हर रूट में लगभग हर रोज 5 सौ यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों की अपेक्षा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में चौबीस घंटे लोगों की काफी भीड़ होती है। परंतु आगजनी की घटना को लेकर अधिकांश यात्री बसों में आग से बचाव को लेकर लापरवाही बरती जाती है। ऐसे में अग्निशमन यंत्र नहीं होने पर जब किसी वाहन में आग लगी तो न सिर्फ बड़ी दुर्घटना हो सकती है बल्कि कई यात्रियों के जान जोखिम में पड़ सकते है। माह जनवरी को परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस क्रम में विभाग द्वारा यात्री बसों की सघन जांच की जा रही है जिसमें मुख्य रूप से बसों में अग्निशमन सुरक्षा, आपातकालीन दरवाजे एवं प्राथमिक उपचार पेटी एवं प्राथमिक उपचार पेटी जैसे विभिन्न बिंदुओं पर बसों की जांच की जा रही है। बीती रात क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी के नेतृत्व में परिवहन उड़नदस्ता की टीम द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैंड में यात्री बसों की सघन जांच की गई। इस दौरान इस दौरान कुल 30 बसों की जांच की गई जिनमें 24 बसों में अग्निशामक, प्राथमिक उपचार पेटी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही कर 12 हजार 500 रुपए शुल्क वसूल किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा उक्त वाहन स्वामियों को पाई गई कमियों को तत्काल सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया।

#### सुधार नहीं आने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

पूर्व में भी यात्री बसों की जांच कर पाए गए कमियों को दूर करने संबंधित वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया था। भविष्य में भी इस प्रकार की जांच की जाएगी एवं सुधार नहीं आने पर बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-विनय सोनी
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी

### परिवहन चेकपोस्ट पर की गई यात्री बसों की जांच, 10 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

**रामानुजगंज।** परिवहन चेकपोस्ट पर विगत दिनों यात्री वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य रूप से उन वाहनों पर केंद्रित रहा, जिनमें फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध नहीं था अथवा एक्सपायर्ड पाया गया, साथ ही इमरजेंसी गेट की स्थिति की भी जांच की गई। अभियान के दौरान परिवहन प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में चेकपोस्ट टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 10 यात्री वाहनों की सघन जांच की। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 10,500 रुपये की राजस्व वसूली समझौता शुल्क के रूप में की गई। परिवहन प्रभारी अधिकारी ने बताया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। उन्होंने वाहन चालकों को निर्देशित किया कि वे अपने वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से रखें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार के जांच अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।






## भरदा में मनाया गया पारंपरिक संस्कृति का भव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

ग्राम पंचायत भरदा में लोक संस्कृति और पारंपरिक विरासत को सहेजने व आगे बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और यादगार पहल देखने को मिली। ग्राम पंचायत में भव्य कर्मा नृत्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

आयोजन में क्षेत्र की कुल 23 ग्राम पंचायतों के कर्मा दलों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता स्थल पर सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार, मांदर–नगाड़ों की गूंज, कर्मा गीतों की मधुर स्वर-लहरियां और तालबद्ध नृत्य ने पूरे वातावरण को लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक कर्मा दल ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायत की सांस्कृतिक पहचान को मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया। आकर्षक नृत्य मुद्राएं, सामूहिक तालमेल, भावपूर्ण अभिनय और अनुशासित प्रस्तुति ने न केवल निर्णायक मंडल बल्कि दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने सराहनी की। कड़े और रोमांचक मुकाबले के बाद ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के कर्मा दल ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें 8 हजार की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम पंचायत खोपा के कर्मा दल ने द्वितीय स्थान हासिल किया और 4 हजार रूपए का पुरस्कार प्राप्त किया।

ग्राम पंचायत मोहनपुर झपरा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और 3 हजार रुपए की पुरस्कार राशि अपने नाम की। प्रतियोगिता का निर्णायक दायित्व बहादुर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, कृपाल नाथ तिवारी, सुखबीर कसेरा एवं महावीर ठाकुर द्वारा पूरी निष्पक्षता के साथ निभाया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग, जिला महामंत्री अशोक सिंह, संभाग प्रभारी किसान मोर्चा लाल संतोष सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, धर्मवीर सोनी, देवपाल सिंह पैकरा, विकेश जायसवाल, प्रताप सिंह मरावी, पूरन राजवाड़े, ओम प्रकाश राजवाड़े, लाल साय पावले, अक्षय तिवारी, राजनाथ पैंकरा, प्रशांत सिंह, जितेन्द्र शर्मा, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, अजय साहू, प्रवीण गुप्ता, विनीता राजवाड़े, सावित्री सिंह, सुशील सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

- कर्मा प्रतियोगिता में उमड़ा जनसैलाब




## विकसित भारत–जी राम जी विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने विकसित भारत–जी राम जी विधेयक 2025 को लेकर योजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। सांसद ने बताया कि यह विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि यह योजना मनरेगा का उन्नत रूप है। जहां पहले प्रति परिवार 100 दिन रोजगार की गारंटी थी, अब इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मजदूरी का भुगतान अब कार्य के सात दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। अधिनियम में खेती-किसानी के पीक सीजन में श्रमिकों को पारंपरिक कृषि कार्य करने के लिए 60 दिन का नो-वर्क पीरियड भी शामिल किया गया है। इससे किसानों को भी लाभ होगा और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी पलायन पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया गया कि विधेयक के तहत फर्जी जॉब कार्ड, नकली मस्टर रोल और मजदूरी में अनियमितताओं को समाप्त करने के प्रावधान किए गए हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाकर जॉब कार्ड, आधार-बैंक लिंकिंग जैसी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। योजना के तहत जल संरक्षण, सड़क, पुल, तालाब निर्माण, कृषि, पशुपालन, मछली पालन, कौशल विकास और आजीविका जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए लगभग एक-तिहाई कार्य महिलाओं को दिए जाएंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास दोनों में संतुलन बने। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भानु प्रकाश दीक्षित, दीनानाथ यादव, हीरामुणि निकुंज, सुषमा मिंज, मुकेश गुप्ता, विजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## परसा सुपर लीग का विजेता बनी ब्लैक डायमंड टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

ग्राम पंचायत परसा में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा क्लब के तत्वावधान में किया गया था। 12 दिनों तक परसा खेल मैदान वीर शहीद नारायण में शानदार क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें कुल 7 टीम के 77 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। फाईनल मैच सरपंच 2.0 एंव ब्लैक डायमंड के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर सरपंच 2,0 द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 ओभर में136 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के रंगा द्वारा 6 छक्कों के मदद से 48 रन बनाया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लैक डायमंड की टीम ने धुंवाधार शुरुआत की और 11.3 ओवर में 3 विकेट खोकर यह लक्ष्य को हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। ब्लैक डायमंड की और कौशल बंजारा ने शानदार आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 10 छक्कों की मदद से अर्धशतक बनाया।

- आईपीएल के तर्ज पर 77 खिलाड़ियों को 7 टीम ओनर्स ने खरीदा था



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देव सिंह करियाम ने कहा कि शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत परसा के युवाओं द्वारा किया गया। ऐसा आयोजन ग्राम पंचायत द्वारा कराया जाता रहे ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। खेल में कोई हार जीत नहीं होता है बल्कि कुछ नया अनुभव सीखने का मौका मिलता है और नए अनुभव के साथ आगे बढ़ने का मौका मिलता है। क्षेत्र के खिलाड़ी भी अच्छा खेले का प्रदर्शन कर राज्य एवं नेशनल स्तर पर पहुंच कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें। मुख्य अतिथियों ने विजेता टीम को 35 हजार रुपये नगद एवं शील्ड एंव उप विजेता टीम को 25 हजार रुपये नगद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य श्रवण वरकड़े, सरपंच तुलसी मनोहर उइके, विजय कोर्राम, उमाशंकर यादव, मनोहर सिंह उइके, राजेश साव, विराट वीसी, महिपाल सिंह, बसंत यादव, इंदर ठाकुर, बुद्धिमान सिंह, संतोष नेटी, पतंगों बाई, हेमलता नेटी, सुनीता यादव, अमेश्वरी यादव, आसन सिंह, चेतन राजवाड़े, सीता राम, शिव राम मरावी, मोती लाल, गोविंदा, महेश खुसरो, नोखे लाल, मोहे लाल, नितेश यादव, राजेश यादव, गणेश यादव, रिंकू यादव, संजय राजवाड़े, रतन मराबी, अनिल दास ,कुमान श्याम, खेल साय मरावी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



### विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 432 मरीजों की हुई जांच

**सीतापुर।** रोग निदान एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति लोगो को जागरूक करने संचालक आयुष रायपुर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देश पर विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर प्रभारी डॉ एए अंसारी एवं उपस्थित चिकित्सकों ने आयुष विभाग के माध्यम से शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया इसके साथ ही आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या ऋतुचर्या को अपनाकर लोगो को गंभीर रोगों से बचाव के उपाय बताए। शिविर में वात रोग, चर्म रोग, उदर रोग, मधुमेह, रक्तचाप, स्त्री रोग आदि से पीड़ति 432 मरीजों की जांच की गई। शिविर में सभी रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के बाद औषधि प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. आशा टोप्पो, डॉ. गुण निधि सिंह, डॉ. मनीषा कंवर, डॉ. संतोष टोप्पो। फार्मासिस्ट एचएन साहू, श्रीमती भानू सिदार, सुनीता एक्का, राजेंद्र केरकेट्टा और औषधालय सेवक देव प्रसाद मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
क्र./1718/वाचक-2/2025 सूरजपुर दिनांक 30/12/2025

**//सार्वजनिक उद्घोषणा/ईश्तहार//**

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम मानी प.ह.नं.....तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र पोर्ते पिता कुवर साय जाति गोंड़ निवासी ग्राम मानी पोस्ट डेडरी थाना सूरजपुर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता कुवर साय पिता धीर साय मृत्यु तिथि 1/11/2008 स्थान मानी के जन्म/मृत्यु पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 13/1/2026 दिन मंगलवार को उपिस्थत होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-30/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
उप तहसील मानी, तहसील सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 18 जनवरी 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 25 जनवरी 2026, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा MD,DM (Neurology)
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल MBBS,MD Medicine (Delhi) DM (Gestro)BHU Varanashi
सुप्रसिद्ध दर्द एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज MBBS,MD,FIPM(Fellowship in pain Management) Interventional Pain Physician
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. MBBS,MD (General Medicine) DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता MD,Hematologist & BMT Physician
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
11 जनवरी 2026, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
• बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
• मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
• मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
• स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
• बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

## खबर संक्षेप



### ओपीएस की हर्ष मन्नु स्वात राष्ट्रीय टीम में चयनित

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं की छात्रा हर्ष मन्नु केरकेट्टा पिता रणजीत केरकेट्टा का चयन एशियाई स्वात चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। स्पर्धा काठमाण्डु यूनिवर्सिटी में 29 अप्रैल से 4 मई तक होगी। हर्ष मनु ने चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय स्वात चैम्पियनशिप में युथ ग्रुप में अंडर 46 किलो भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया था। स्वात एक फ्रेंच बॉक्सिंग कला है जो 1924 में फ्रांस में समर ओलंपिक गेम्स में शामिल हुआ था। हर्ष मन्नु की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने शुभकामनाएं दी है।

### नवीन पाठ्य पुस्तकों पर शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बिश्रामपुर।** विकासखंड सूरजपुर में नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित कक्षा पहली से तीसरी तक अध्यापन कराने वाले प्राथमिक शाला के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ,प्रशिक्षण कार्यक्रम को तीन जोन लटोरी,बिश्रामपुर और कन्या बिश्रामपुर में विभाजित कर आयोजित किया गया,प्रशिक्षण में प्राथमिक शालाओं के 270 शिक्षकों ने भाग लिया,प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स चंद्रकला कुशवाहा,जीवंती एक्का,पंकज एक्का,राजेश जायसवाल,मेरी रोशन लकड़ा,सुनीता यादव,बसंत मंडल, सुनीता भगत,सरिता तिर्की ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने-अपने जोन में प्रशिक्षण दिया,डीईओ सूरजपुर अजय मिश्रा ने कहा कि कक्षा पहली से तीसरी तक की नवीन पाठ्यपुस्तकें बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता को सुदृढ़ करने हेतु तैयार की गई हैं। ये पुस्तकें बाल-केंद्रित एवं गतिविधि आधारित हैं,जिससे सीखना सहज और रुचिकर बनता है,ये नवीन पाठ्यपुस्तकें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति में सहायक हैं,प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य ने कहा कि कक्षा 1 से 3 की नवीन पाठ्यपुस्तकें बच्चों के शैक्षणिक एवं नैतिक विकास की मजबूत नींव रखती हैं,इन पुस्तकों के माध्यम से बच्चों में समझ,जिज्ञासा और रचनात्मक सोच का विकास होगी,विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण एवं आनंददायक शिक्षण को बढ़ावा देने में ये पुस्तकें अत्यंत उपयोगी हैं।प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में गौरी शंकर पांडेय, जितेंद्र तिवारी, पंकज सिंह, सुधीर पटेल, कीर्ति कौशल दुबे, संतोष बड़ा व अन्य सक्रिय रहे।

### डीएवी विद्यालय में बच्चों को दी गई आग से बचाव की जानकारी



**राजपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में शुक्रवार को बच्चों को आग से सुरक्षा व बचाव की जानकारी दी गई। अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन के तहत अग्निशमन अधिकारी रविंद्र टौंक के द्वारा शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को अग्निशामक उपकरणों की जानकारी दी गई तथा उन्हें उपकरणों के इस्तेमाल करने का सही तरीका भी समझाया गया। आग लगने के दौरान कैसे काबू पाना है और अपने साथ-साथ किसी दूसरे को भी कैसे सुरक्षित किया जा सकता है इन सभी चीजों की जानकारी क्रियात्मक ढंग से व विस्तार पूर्वक दी गई। इस दौरान बताया गया कि अग्निशामक यंत्र एक सक्रिय अग्नि सुरक्षा उपकरण है जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में आग पर काबू पाने के लिए किया जाता है। अग्निशामक यंत्र से जो सूखा पाउडर निकलता है जो मोनो अमोनियम फास्फेट होता है। प्राचार्य आशुतोष झा ने बताया कि अगर कहीं आग लगने की खबर मिले तो हमें हिम्मत व सावधानी से काम लेना चाहिए। अगर घर में ऐसी घटना सामने आती है और तत्काल मौके पर अग्निशामक यंत्र उपलब्ध नहीं है तो ऐसी स्थिति में प्राथमिकतानुसार हमें रेत या कोई मोटे कम्बल को भिगोकर आग पर डालना चाहिए, इससे बहुत हद तक आग पर काबू पाया जा सकता है।

## पहुंचविहीन गांवों में शामिल थी दोनो ग्राम पंचायतें

# ओड़गी के दूरस्थ ग्राम लांजित एवं छतरंग में मिली पुल निर्माण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ ग्रामों को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने की पहल प्रारंभ की गई है। आजादी के बाद से ही सड़क एवं पुल-पुलियों के अभाव में पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे दूरस्थ गांवों को सड़क से जोड़ने की तैयारियां की जा रही है।

**खास बात**
- दशकों से ग्रामीण कर रहे पुल व सड़क निर्माण की मांग

प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से बेहद समृद्ध विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ गांवों के विकास में नदी-नाले जंगल व पहाड़ बाधा बने हुए हैं। अन्य दिनों में तो ग्रामीण जैसे-तैसे अपनी जरूरतें पूरी कर लेते हैं लेकिन बरसात के दिनों में कई गांव टापू बन जाते हैं। आवागमन की सुविधाओं के अभाव में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय पहुंचना तो दूर आसपास के गांवों में जाने के लिए भी ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कुछ ऐसे गांव भी हैं जो नदी-नालों से घिरे हैं तथा पुल-पुलियों का निर्माण हुए बिना ग्रामीणों के लिए आवागमन करना आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। कहीं ग्रामीण डोंगी के भरोसे आवागमन कर रहे हैं तो कही पैदल नाले को पार कर। पुल-पुलियों के अभाव में इन गांवों का विकास अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीण लम्बे अर्से से पुल-पुलियां का निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर पुल-पुलिया व सड़क का निर्माण भी हुआ है लेकिन अभी भी कई गांव ऐसे हैं जहां आवागमन मुश्किल है। शासन द्वारा ऐसे दूरस्थ ग्रामों में सड़क एवं पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागों द्वारा पुल एवं सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आजादी के बाद पहली बार दूरस्थ गांवों को संवारने की कोशिश से इन क्षेत्रों का तेजी से विकास होगा।



प्रस्तावित निर्माण स्थल।

### महान एवं कागज नाला पर बनेगा पुल

शासन ने दूरस्थ ग्राम पंचायत लांजित सोहार मार्ग में महान नदी एवं ग्राम पंचायत छतरंग अंतर्गत कागज नाला पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। दोनों ही ग्राम पंचायतें हाल-हाल तक पहुंच विहीन गांवों में शुमार थी। इन ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों में अभी भी आवागमन की सुविधा नहीं है तथा गांव नदी-नालों से घिरे हुए है। सौहार मार्ग स्थित महान नदी पर 144 मीटर लम्बा उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 7.41 करोड़ जबकि कागडा नाला पर 105 मीटर लम्बा उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 4.19 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है तथा निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम को सौपी गई है।

#### तीसरी बार टेंडर की तैयारी

ग्राम लांजित एवं छतरंग दोनों ही ग्राम बीहड़ों के बीच बसे है। दूरस्थ क्षेत्र में निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण एजेंसी तय करना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। कागज नाला पुल के निर्माण के लिए विभाग दो बार टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर चुका है लेकिन योग्य एजेंसी का अब तक चयन नहीं हो सका है। प्रथम टेंडर में एकमात्र ठेकेदार के शामिल होने के कारण निरस्त करना पड़ा जबकि दूसरी बार 10 फीसदी रेट अधिक आने के कारण निरस्त कर दिया गया। भौगोलिक दृष्टि से निर्माण की बाधाओं के कारण विभाग द्वारा निर्धारित दर पर काम करने ठेकेदार तैयार नहीं हो रहे हैं। विभाग ने अब तीसरी बार टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की है जबकि महान नदी पर पुल निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।



## गौरा पूजा लोक संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

ग्राम भकुरमा में आयोजित गौरा उत्सव में सांसद चिंतामणि महाराज एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव शामिल हुए। गौरा पूजा मझवार जनजाति का पारंपरिक एवं हर वर्ष मनाया जाने वाला उत्सव है। उत्सव में आदिवासी समाज भगवान शंकर एवं माता पार्वती का विवाह करते हैं जिसमें विवाह से संबंधित हर रीति रिवाज का पालन किया जाता है। शिव पार्वती विवाह के बाद रात भर ग्रामीण ढोल नगाड़ों के साथ नाच गान करते हैं।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणी महाराज ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि गौरा पूजा हमारी लोक संस्कृति और परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता मजबूत होती है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों की सांस्कृतिक विरासत को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा की पूर्वजों किया परंपरा आज सिर्फ गांव में ही जीवित है। दूर दराज के आंचल में ही ऐसी परंपरा जो सनातन संस्कृति का हिस्सा है इसे हर हाल में जीवित रखना होगा। कार्यक्रम को सरपंच श्रीमती पार्वती,मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश चतुर्वेदी ने एवं आभार प्रदर्शन चंद्रबसु यादव ने किया। इस दौरान संतोष जायसवाल, विधायक सिंह, अनिल प्रताप सिंह, चंद्र बसु यादव, ओमप्रकाश सिंह, राधेश्याम सिंह ठाकुर, बालेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, सार्थक सोनी, दिलशाद टोप्पो, उदय यादव, बुधीराम, अजय भगत, अमित सोनी, दूधनाथ यादव, मोगरा राम, बाबूलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग की टीम ने ढाबा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- ढाबा संचालक के विरूद्ध दर्ज किया 36 ए के तहत अपराध दर्ज

जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने राजपुर रोड स्थित ढाबा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ढाबा परिसर में शराब की खाली बोतल पाए जाने पर 36 ए के तहत अपराध दर्ज किया है। साथ ही संचालक को ढाबा में शराब नहीं पिलाने की हिदायत दी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व करुण डहरिया के मार्गदर्शन एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कुसमी-राजपुर रोड स्थित आशीर्वाद ढाबा में छापामार कार्रवाई की। ढाबा में खाली शराब का बोतल मिलने एवं साथ में संचालित पान ठेले का राजस्व विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त जांच करने पर ढाबे में लोगों द्वारा बाहर से शराब खरीद कर मदिरापान करने के लिए अपने प्रतिष्ठान में जगह उपलब्ध कराया जाना पाया गया। आबकारी विभाग द्वारा 36 ए के तहत कार्रवाई करते हुए दुबारा गलती नहीं करने का हिदायत ढाबा संचालक को दी। वही पान ठेले में 47 नग सिगरेट एवं तंबाकू सामग्रियों का विक्रय करना पाया गया। ठेला से करीब 100 मीटर के परिधि में स्थित है जहां छोटे बड़े छात्र छात्राओं का इस रास्ता से आना जाना होता है। तंबाकू पदार्थों के विक्रय से कोटपा का उल्लंघन किया गया। जिस पर कोटपा के तहत सामान को जब्त कर दुकानदार पर अर्थदंड लगाया गया। कार्रवाई में एसडीएम करुण डहरिया, सामरी तहसीलदार पारस शर्मा, आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## स्कूल की बकाया फीस सूची के बदले डिफाल्टर लिस्ट लिखकर प्रबंधन ने किया सार्वजनिक, अभिभावकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न कक्षाओं में अध्ययन कर रहे बच्चों की इस सत्र की बकाया फीस पटाने हेतु प्रबंधन ने लिस्ट सार्वजनिक की है। लिस्ट में 15 जनवरी तक पूरी बकाया फीस पटाकर एडमिट कार्ड प्राप्त करने की बात लिखी गई है।

उक्त जारी की गई लिस्ट में स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों के नाम भी लिखे गये हैं जिसकी हेडिंग में बकाया फीस या पेंडिंग फीस लिस्ट लिखने के बदले स्कूल प्रबंधन ने डिफाल्टर लिस्ट लिख कर अलग अलग व्हाट्सप्प ग्रुप में डालकर शनिवार को नाम सार्वजनिक कर दिए जिसके कुछ ही देर बाद अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। डिफाल्टर लिस्ट हेडिंग लिखे जाने पर अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताते हुए स्कूल प्रबंधन पर जानबूझकर बेइज्जत करने व नीचा दिखाने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में मामला तूल पकड़ने पर स्कूल प्रबंधन ने घटना का खंडन करते हुए सभी वाट्सऐप ग्रुपों में अपनी सफाई देते हुए मानवीय भूल बताकर माफ़ी मांग ली है। गौरतलब है कि डीएवी पब्लिक स्कूल की विभिन्न कक्षाओं की फीस साल की तीन किश्तों या तीन तिमाही में ली जाती है। इस सत्र की भी यही प्रक्रिया रही है। फरवरी माह में होने वाली फाइनल परीक्षा होने से पहले 15 जनवरी तक सभी विद्यार्थियों की फीस जमा कराकर स्कूल प्रबंधन द्वारा एडमिट कार्ड जारी करना है। इसी हड़बड़ाहट में स्कूल प्रबंधन ने सभी कक्षाओं की स्कूल फीस बकायादारों की लिस्ट जारी कर डिफाल्टर लिखकर अभिभावकों के नाम सार्वजनिक कर दिए जिसके बाद बखेड़ा खड़ा हो गया। मामले में स्कूल प्रबंधन ने सफाई देते हुए अपना पक्ष रखा है लेकिन अभिभावकों की नाराजगी अभी कम नहीं हुई है।

### 15 जनवरी की डेडलाइन से पहले अभिभावक डिफाल्टर हुए घोषित

डीएवी स्कूल में इस सत्र की तिमाही स्कूल फ़ीस पटाने की अंतिम तिथि 15 जनवरी रखी गई है लेकिन अंतिम तिथि के पांच दिन पूर्व 10 जनवरी दिन शनिवार को ही डिफाल्टर लिस्ट लिखकर अभिभावकों के नाम सार्वजनिक कर दिए गये जिसकारण अभिभावकों में ज्यादा रोष देखने को मिल रहा है। अभिभावकों के अनुसार अंतिम निर्धारित तिथि से पहले ही डिफाल्टर शब्द लिखकर नाम सार्वजनिक कर दिए गये जो कि न्याय संगत नहीं है,।राप्त जानकारी अनुसार नाराज अभिभावक सोमवार को पेरेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों के साथ डीएवी स्कूल की प्राचार्या से भेंट करने पहुंचेगे साथ ही उचित कार्यवाही हेतु एक लिखित शिकायत पत्र स्कूल के चेयरमैन महाप्रबंधक एसईसीएल बिश्रामपुर, जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर एवं डीएवी मैनेजमेंट कमेटी दिल्ली को देने की बात कही जा रही है।

### मानवीय भूल पर सुधार ली गई गलती

स्कूल फीस बकायादारों की सूची बनाने में ऑफिस क्लर्क द्वारा हेडिंग बनाने में टाइपिंग गलती हो गई है। स्कूल प्रबंधन का किसी भी अभिभावक की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं है। फाइनल परीक्षा के लिए सभी विद्यार्थियों को समय से एडमिट कार्ड जारी करना हमारा मकसद है। मानवीय भूल होने पर गलती सुधारकर माफ़ी मांग ली गई है।

-अनामिका भारती
प्राचार्या डीएवी पब्लिक स्कूल, बिश्रामपुर

### पिकअप चालक ने विद्युत पोल को मारी टक्कर,एक कार हुई क्षतिग्रस्त, किसान के पैरावट में लगी आग

**बिश्रामपुर।** ग्राम डेडरी में शनिवार को एक पिकअप चालक ने विद्युत पोल को टक्कर मार दी जिससे दो विद्युत पोल गिर जाने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई और घर के सामने रखे किसान के पैरावट में आग लग गई,घटना के बाद कुछ समय के लिए गांव में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई,गौरतलब है कि शनिवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे बिश्रामपुर की तरफ से उदयपुर की ओर जा रहे पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 3530 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम डेडरी में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल समीप तिराहा के पास एक विद्युत पोल से टकरा गया,दुर्घटना में दो विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर गये,जिससे गांव के हरिवंश चक्रधारी के कार के ऊपर विद्युत पोल गिरने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और वहीं पास के हरिप्रसाद राजवाड़े के घर के सामने रखे करीब पांच ट्रैक्टर पैरावट में आग लग गई,दुर्घटना उपरांत आसपास के ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग बुझने तक पैरावट पूरी तरह जलकर खाक में तब्दील हो गई।

## अग्रवाल सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

- मोहनलाल अग्रवाल चुने गये अध्यक्ष, अशोक जिंदल बने कोषाध्यक्ष

**बिश्रामपुर।** श्री अग्रवाल सभा बिश्रामपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहन लाल अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक सुभाष गोयल, सतपाल तायल, खजान चन्द जिंदल, मार्गदर्शक आत्मा राम मित्तल, तोलाराम जैन, सज्जन गोयल, 5 उपाध्यक्ष कर्मशः जयभगवान अग्रवाल, ललित गोयल, बाबूलाल दनोदिया, पवन अग्रवाल पोन्नी, राजकुमार गोयल उर्फ राजू, महामंत्री अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक जिन्दल, 4 सचिव कर्मशः प्रदीप गोयल, राजेश मित्तल, जगदीश सिंघल, जतिन तायल, विधिक सलाहकार व प्रवक्ता प्रदीप गर्ग, वित्तीय सलाहकार मयंक कुमार गोयल, सलाहकार सदस्य श्यामलाल गोयल, कृष्णा कुमार जिंदल, रमेश गर्ग, केके सिंघल, कृष्णा कुमार बंसल, उमेश अग्रवाल, कृष्णा गोयल बल्लू, दीपक गोयल, कार्यकारिणी सदस्य विष्णु अग्रवाल, गौरव मित्तल, राजेश मित्तल, अजय कुमार मित्तल, पवन मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।








## रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की गई बौद्धिक चर्चा

**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस ग्राम छिंदिया में बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएमसी मनोज साहू, नागेंद्र उपाध्याय तथा शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दुबे विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि नागेंद्र उपाध्याय एवं अध्यक्ष मनोज साहू द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। मुख्य अतिथि नागेंद्र उपाध्याय ने विज्ञान के सदुपयोग पर बल देते हुए समाज में मोबाइल के दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी रोजगार मूलक कार्य से आत्मनिर्भर बनना चाहिए। मनोज साहू ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन अध्ययन और चिंतन का समय होता है, लेकिन इसी दौरान समाज सेवा करते हुए व्यक्तित्व विकास भी संभव है। मनुष्य को ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे वह अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बने। यादवेंद्र दुबे ने मातृभूमि और धर्म के प्रति प्रेम की भावना पर जोर दिया। उन्होंने गीता को आदर्श ग्रंथ बताते हुए इसके अध्ययन की आवश्यकता बताई। इस दौरान श्याम सिंह मरावी,दिलीप कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।









